प्रशान्त वर्मा
निदेशक (वाणिज्य)

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग
लखनऊ - 226001
ई-मेल -&directorcomm@uppcl.org
0522-2287806
CIN: U32201UP1999SGC024928

**संख्याः I/35788/2025/एम०बी०सी०/पाकालि/2025 दिनांक:26-12-2025**

निदेशक (वाणिज्य),
पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यांचल/पूर्वांचल
विद्युत वितरण निगम लि0,
मेरठ/आगरा/लखनऊ/वाराणसी।
(Email:
dircom@pvvnl.org/dircom@dvvnl.org/dircom@mvvnl.org/dircom@puvvnl.in)

विषयः- <u>डिस्काम के अन्तर्गत निजी नलकूप श्रेणी के अनमीटर्ड संयोजनों को मीटर्ड किये जाने की प्रगति कम होने के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

आप अवगत हैं कि विभिन्न समीक्षा बैठकों में एवं कारपोरेशन द्वारा पूर्व में प्रेषित विभिन्न पत्रों के माध्यम से निजी नलकूप श्रेणी के अनमीटर्ड संयोजनों पर मीटर स्थापित कराने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है किन्तु समस्त डिस्काम के अन्तर्गत सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण करने में रुचि नहीं ली जा रही है जिस कारण निजी नलकूप श्रेणी के अनमीटर्ड संयोजनों पर मीटर स्थापित करने का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यांचल/पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के अन्तर्गत दिनांक 21.12.2025 तक शेष निजी नलकूप श्रेणी के अनमीटर्ड संयोजनों की डिस्कामवार संख्या निम्नवत् है-

| DISCOM | BALANCE UNMETERED PTW |
|---|---|
| PVVNL | 3,22,898 |
| DVVNL | 49,056 |
| MVVNL | 1,332 |
| PuVVNL | 40,889 |
| TOTAL | **4,14,175** |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि समस्त डिस्काम के अन्तर्गत निजी नलकूप श्रेणी के संयोजनों को अनमीटर्ड से मीटर्ड किये जाने का कार्य शेष है।

अतः निजी नलकूप श्रेणी के अनमीटर्ड संयोजनों पर मीटर स्थापित कराने हेतु सम्बन्धित

अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रशान्त वर्मा)

निदेशक (वाणिज्य)

प्रतिलिपिः-

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ। (ईमेलः md@uppcl.org)
2. प्रबन्ध निदेशक,पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यांचल/पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि०। (ईमेलः md@pvvnl.org/md@dvvnl.org/md@mvvnl.org/md@puvvnl.in)